an>

Title: Need to expedite the construction of a concrete bridge over Indravati river and Jora drain of Chhattisgarh and Odisha respectively .

श्री दिनेश कश्यप (बस्तर) : उपाध्याक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान छत्तीसगढ़ राज्य के इंदरावती नदी और ओडिशा राज्य के जोरा नाला पर स्ट्रक्चर निर्माण में हो रहे विलंब की ओर आकृÂट कराना चाहता हूं। लगभग 11 वÂाऩ पूर्व, 31 मई, 2002 को केन्द्रीय जल आयोग की बैठक में इंदरावती नदी और जोरा नाला पर पक्का स्ट्रक्चर निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया था। उक्त कार्य ओडिशा सरकार के कंसट्रक्शन कारपोरैशन द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया। अनुबंध के अनुसार यह कार्य 25 मई, 2012 में प्रारंभ होकर 24 जून, 2014 तक पूरा हो जाना था। लेकिन अभी तक स्ट्रक्चर निर्माण में लगातार विलंब हो रहा है जिसके कारण 70 प्रतिशत पानी ओडिसा के नाले में जा रहा है और 30 प्रतिशत पानी छत्तीसगढ़ राज्य को मिल रहा है। इस कार्य में व्यवधान पहुंचाने के लिए ओडिसा के एक विधायक ने वहां तोड़-फोड़ की और कार्य को भी रोका। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह कार्य बस्तर, छत्तीसगढ़ के लिए जीवनदायी है। इसके लिए अभी तक 37 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे जिसमें से 12 करोड़ रुपये का ही काम हुआ है जो 35 प्रतिशत है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि भारत सरकार और केन्द्रीय जल आयोग इस पर त्वरित कार्यवाही करे और इसे तत्काल पूर्ण करवाए ताकि दोनों राज्यों को बराबर पानी मिल सके और हमारे क्षेत्र् के लोगों को इसका लाभ मिल सके। धन्यवाद।